उत्तर प्रदेश सरकार

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्प्लेक्स, विधान सभा मार्ग,

लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001,

सूचना / विज्ञप्ति

सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रित के सेवायोजन के अन्तर्गत मृतक आश्रित के रूप में पुलिस उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस), आरक्षी (नागरिक पुलिस), आरक्षी (पीएसी), फायरमैन, कर्मशाला कर्मचारी एवं सहायक परिचालक पद के अभ्यर्थियों की चयन प्रकिया के अन्तर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षण(दौड़) (आर0एफ0आई0डी0 आधारित रेस) दिनांक 04.01.2023 व 05.1.2023 को आयोजन की सूचना।

संख्या–पीआरपीबी–एक–1–मृ0आ0(01) / 2022(SICP-87 post)&other **दिनांकः दिसम्बर 26 ,2022**

सेवाकाल में दिवंगत पुलिस कर्मियों के आश्रित के सेवायोजन के अन्तर्गत मृतक आश्रित के रूप में पुलिस उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, आरक्षी नागरिक पुलिस, आरक्षी पीएसी, फायरमैन, कर्मशाला कर्मचारी एवं सहायक परिचालक पद के अभ्यर्थियों की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षण (दौड़) (आर0एफ0आई0डी0 आधारित रेस) **पुलिस उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) पद के 433 अभ्यर्थियों की दिनांक 04.01.2023 को** एवं **आरक्षी (नागरिक पुलिस), आरक्षी (पीएसी), फायरमैन, कर्मशाला कर्मचारी एवं सहायक परिचालक पद के 387 अभ्यर्थियों की दिनांक 05.01.2023 को समय प्रातः 7:30 बजे से 35वीं वाहिनी पीएसी, महानगर, जनपद लखनऊ के ग्राउण्ड में आयोजित की जायेगी जिसके लिए अभ्यर्थियों को 01 घण्टा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना अनिवार्य है।**

2– संगत सेवा नियमावली में निहित प्रावधान / निर्देशों के अन्तर्गत शारीरिक दक्षता परीक्षण(दौड़) निर्धारित समयावधि में पूरी करनी आवश्यक है। **शारीरिक दक्षता परीक्षण(दौड़)हेतु निर्धारित मानक संलग्न है।**

3– **शारीरिक दक्षता परीक्षण (दौड़) के प्रवेश–पत्र बोर्ड की वेबसाइट http: uppbpb.gov.in/ पर दिनांक 28.12.2022 से उपलब्ध होंगे**, जहॉ से **अभ्यर्थी सूची संलग्न में अपने नाम के सम्मुख अंकित रोल नम्बर एवं जन्म तिथि अंकित कर उसे डाउनलोड कर प्राप्त करेंगे।** अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह प्रवेश पत्र पर **अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का भली–भॉति अध्ययन** कर इसका अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अभ्यर्थी **प्रवेश–पत्र के निर्धारित स्थान पर रंगीन फोटोग्राफ चिपकायेंगे, सेवायोजन प्रस्तावक जनपद / इकाई के कार्यालयाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत कर सत्यापित कराकर उक्त प्रवेश पत्र के साथ उपस्थित होंगे। अभ्यर्थीगण को मूल प्रवेश पत्र को परीक्षा केन्द्र पर जमा करना होगा, अतः अभ्यर्थी प्रवेश–पत्र की छायाप्रति अपने पास सुरक्षित रखेंगे।** अभ्यर्थीगण पहचान हेतु अपना आधार कार्ड लायेंगे तथा उसकी छायाप्रति मूल प्रवेश पत्र के साथ जमा करेंगे। सभी अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक डाटा भी परीक्षा केन्द्र पर लिया जाएगा। निर्देशों का उल्लंघन किये जाने पर अभ्यर्थियों के विरूद्व नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

26/12/22

अपर सचिव, भर्ती,

उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,

लखनऊ।